Department Of Public Administration
Mohan Lal Sukhadia University, Udaipur
Paper- M2PAD02-CT-08- Administrative Law

# ड्रॉयट एडमिनिस्ट्रतिफ

प्रशासनिक कानून की फ्रांसीसी प्रणाली को ड्रॉयट एडमिनिस्ट्रतिफ कहा जाता है। यह नागरिकों के परस्पर संबंधों को नियंत्रित करने वाले नियमों के स्थान पर ऐसे विशेष नियम उपलब्ध कराती है जो राज्य तथा नागरिकों के बीच संबंधों को नियंत्रित करते हैं। फ्रांस में दो प्रकार के न्यायालय पाए जाते हैं पहले वे न्यायालय जो सामान्य कानूनों से संबंधित है तथा दूसरे वे न्यायालय जिनका संबंध प्रशासनिक कानूनों से या प्रशासनिक विधि से है। प्रशासनिक अधिकारों के विरुद्ध नागरिकों की शिकायतों को निपटाने के लिए जो संस्थागत ढांचा तैयार किया वह प्रशासन न्याय की एक प्रणाली है। और प्रशासन के बीच विवादों के मामलों की जांच करने के लिए यह न्यायालय प्रशासनिक कानून का सहारा लेते हैं। प्रशासनिक न्यायालय राज्य परिषद या काउंसिल डी एटा के अधीन होते हैं। इसकी निम्नलिखित विशेषताएं हैं

1.यह सार्वजनिक अधिकारियों के व्यक्तिगत कार्यों उनके सरकारी या प्रशासनिक कार्यों में अंतर करती है।

2. यह सार्वजनिक अधिकारियों को उनके उन कार्यों के लिए जो उन्होंने आधिकारिक रूप से किए हैं के लिए न्याय व्यवस्था प्रदान करती है।

3. यह प्रशासन एवं नागरिक अधिकारों तथा दायित्वों का निस्तारण करती है और इन अधिकारों तथा दायित्व को लागू करने की कार्यविधि भी तय करती है

4. प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नागरिकों को हुए नुकसान के लिए यह उनकी क्षति पूर्ति भी उपलब्ध कराती है।

5. सरकारी अधिकारियों द्वारा की गई गलती जिसका संबंध नागरिकों से होता है किस संबंध में अगर नागरिकों द्वारा कोई मुकदमा आता है तो यह प्रणाली मुकदमा चलाने के लिए विशिष्ट न्यायाधिकरण की व्यवस्था करती है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रशासनिक न्यायालय के निर्णय को सामान्य न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

इस बात का भी उल्लेख स्पष्ट रूप से यहां किया जाना आवश्यक है की प्रशासनिक कानून को एक व्यवहारिक रूप प्रदान करने हेतु ड्रॉयट एडमिनिस्ट्रतिफ प्रणाली को प्रारंभ किया गया। अनेक देशों में सामान्य कानून तथा प्रशासन कानूनों में अंतर नहीं है तथा प्रशासनिक दायित्व एवं गलतियां भी सामान्य कानूनों के अंतर्गत ही आती हैं परंतु फ्रांस में ऐसा नहीं है